Seat No. : _______________

TP-104

B.A. Sem.-III
May-2013

Hindi (Core-203)

हिन्दी साहित्य का इतिहास और निर्गुण भक्ति साहित्य

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (१) सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।

१. (अ) आदिकाल के नामकरण पर विभिन्न विद्वानों के मतों की समीक्षात्मक विवेचन करते हुए अपने मत निर्धारित कीजिए । ७

अथवा

आदिकाल की प्रमुख साहित्यिक प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए ।

(ब) निर्गुण भक्ति के स्वरूप और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । ७

अथवा

भक्तिकाल की विभिन्न परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

२. (अ) ज्ञानाश्रयी शाखा की प्रमुख काव्य प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए । ७

अथवा

सूफी शब्द की व्युत्पत्ती की चर्चा करते हुए हिन्दी में सूफी काव्य परंपरा पर प्रकाश डालिए ।

(ब) आदिकालीन विभिन्न परिस्थितियों की चर्चा कीजिए । ७

अथवा

प्रेमाश्रयी शाखा की प्रमुख काव्य प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।

३. संक्षेप में लिखिए :

(अ) नाथ साहित्य अथवा रासो साहित्य ४

(ब) कुतुबन अथवा रैदास ४

(क) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : ४

माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि माहिं पडंत ।
कहैं कबीर गुरु ग्यान तैं, एक आध उबरंत ।।

अथवा

ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय ।
औरन को सीतल करै, आपहु सीतल होय ।।

(ख) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : ४

पिउ पिपार सिर ऊपर का पुनि करै दहुँ नाह ।
कहुँ सुख राखै की दुख, दुहुँ कस जनम निबाह

अथवा

सरवर रूप विमोहा हिएँ हिलोर करेइ ।
पाँव छुवै मकु पाबों तेहि मिसु लहरै देइ ।।

४. **एक** से **दो** वाक्यों में उत्तर दीजिए : १२

(१) साखी, शबद, रमैनी किसकी रचना है ?

(२) स्वयंभू और पुष्पदन्त किस परंपरा के कवि हैं ?

(३) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल का समय कहाँ से कहाँ तक निर्धारित किया है ?

(४) डिंगल और पिंगल का क्या अर्थ है ?

(५) सूफी शब्द की व्युत्पत्ती पर प्रकाश डालिए ।

(६) 'ढोला मारू रा दूहा' किस परंपरा का काव्य है ?

५. सूचनानुसार कीजिए : ५

(अ) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(१) सरहपा का संबन्ध किससे था ? (जैनों, नाथों, सिद्धों)

(२) हिन्दी का पहला महाकाव्य किसे माना जाता है ? (पृथ्वीराज रासो, पद्मावत, परमाल रासो)

(३) चंदायन के रचयिता कौन हैं ? (मुल्ला दाऊद, रैदास, जायसी)

(४) 'नागमती' किस काव्य का पात्र है ? (पदमावत, बीसलदेव, बीजक)

(५) कबीर का जन्म कहाँ हुआ था ? (काशी, मथुरा, अयोध्या)

(ब) सही शब्दों के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : ५

(१) अखरावट के रचयिता ________ हैं ।

(२) भक्तिकाल को ________ भागों में बाँटा गया है ।

(३) 'मधुमालती' के रचयिता _________ हैं ।

(४) कबीर के पालक माता-पिता _________ थे ।

(५) 'पा' _________ के साथ जुड़ा हुआ है ।

(क) सही जोड़े मिलाइए : ४

(अ)	**(ब)**
(१) सुखिया सब संसार है ।	(१) चंदायन
(२) चली सबै मालती संग	(२) ऊन
(३) सूफ	(३) जायसी
(४) लोरिक	(४) कबीर
	(५) गोरखनाथ